# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997 क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

***Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya***

*(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## *35th Indian Social Science Congress, wardha*

ज्ञान शांति मैत्री

***प्रो. मनोज कुमार***
***Prof. Manoj Kumar***
***स्थानीय सचिव / Local Secretary***
***ISSC 35th wardha***


***पत्रांक : एफ.011/2011/ISSC जा./51-139***
***दिनांक : 22/12/2011***

## निमंत्रण-पत्र

प्रति,

संपादक महोदय
.......................................................
.......................................................

**विषय : 35 वें भारतीय सामाजिक विज्ञान अधिवेशन में मीडिया कवरेज करने के संदर्भ में।**

महोदय,

निवेदन पूर्वक कहना है कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी व महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 27–31 दिसम्बर, 2011 को 35 वॉ भारतीय सामाजिक विज्ञान अधिवेशन का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में हो रहा है। अधिवेशन में **'शांति पूर्ण सह-अस्तित्व और न्यायपूर्ण विश्व'** विषय पर विमर्श करने के लिए प्रो.नामवर सिंह, विभूति नारायण राय, डॉ.बी.डी. शर्मा, मेधा पाटकर, संदीप पांडेय, राजेन्द्र सिंह राणा, असगर अली इंजीनियर, प्रो.रामशरण जोशी, प्रो.इलीना सेन, डॉ. विनायक सेन, प्रो. भालचंद्र मुणगेकर, प्रो.के.एम. श्रीमाली, प्रो.जावेद आलम, डॉ. जया मेहता, डॉ. आर.एम. गौर, प्रो.वेद प्रकाश मिश्र, टी.करुणाकरण सहित देशभर से करीब 400 समाज वैज्ञानिक, समाज सेवी एवं विषय विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। Media & Social responsibility विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विमर्श करने के लिए मीडिया जगत के शशि शेखर, श्रवण गर्ग, आशुतोष, एन.के. सिंह सहित कई मीडियाविद् बतौर वक्ता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान प्रतिष्ठित प्रकाशकों की ओर से पुस्तक प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र तथा तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। अधिवेशन का उद्घाटन श्रीलंका के प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक डॉ. आर्यरत्ने करेंगे। इस संदर्भ में आपसे संपर्क करने हेतु विश्वविद्यालय के श्री अमित विश्वास (मो.नं. 9970244359) व श्री बी.एस. मिरगे (मो.नं. 9960562305) को नामित किया गया है।

आपसे सादर अनुरोध है कि अपने प्रतिनिधि व कैमरामैन को भेजकर पांच दिवसीय कार्यक्रम में कवरेज करवाने की कृपा करें।

आशा है कि आप स्वस्थ्य एवं सानंद होंगे।

सादर!

आपका ही


गांधी हिल, वर्धा – 442001 (महाराष्ट्र) भारत

फोन : (07152) 251878 फैक्स : (07152) 230903 मो. 09975323109, 09507790397 ई–मेल : manojkumardean@rediffmail.com